पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————————

राज्यपाल ने डॉ0 दीपक कोहली की पुस्तक 'विज्ञान विमर्श' का किया लोकार्पण

————————

लखनऊः 11 फरवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में उत्तर प्रदेश के सहकारिता विभाग में कार्यरत संयुक्त सचिव डॉ0 दीपक कोहली की पुस्तक 'विज्ञान विमर्श' का लोकार्पण किया।

पुस्तक के लेखक डॉ दीपक कोहली ने बताया कि यह पुस्तक भारत की युवा पीढ़ी को ध्यान में रखकर लिखी गयी है। इसमें नये भारत के निर्माण हेतु युवाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे इलेक्ट्रानिक वाहन, ड्रोन, किसानों को आत्मनिर्भर बनाता सफेद सोना, डिजिटल युग में विद्यमान चुनौतियां आदि महत्वपूर्ण विषयों को स्थान दिया गया है। इसके अलावा पुस्तक में भारत सरकार की योजनाएं, कौशल विकास तथा स्टार्टअप के क्रम में करियर शीर्षक से युवाओं को विज्ञान के विविध विषयों में यथा बायोटेक्नोलॉजी, नैनो टेक्नोलॉजी, एस्ट्रोनॉमी, फोरेंसिक साइंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, फोटोनिक्स आदि में करियर बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी हैं।

इस अवसर पर साफ्टवेयर इंजीनियर श्री अभिनव कोहली भी उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (152/06)
सम्पर्क सूत्र
9453005360